# अतिआवश्यक सूचना

दिनांक: 29/03/2025

(राजकीय पालीटेक्निक तालबेहट)

**(सम सेमे० / बैक पेपर / स्पेशल बैक पेपर के छात्रो के लिए)**

सभी स्टूडेन्टस को सूचित किया जाता है सम सेमेस्टर परीक्षा मई -2025 के परीक्षा फार्म दिनांक 01/04/2025 से दिनांक 10/04/2025 तक ऑनलाइन के माध्यम से भरा जाना है। यह परीक्षा फार्म आपके द्वारा ही भरा जाना है जिसकी प्रक्रिया निम्नवत होगी

Step. 1 → BTEUP की वेबसाइट को open करें

Step. 2 → Student login करे

Step. 3 — pay examination fee लिंक पर जाये

Step. 4 — SBI collect के माध्यम से "Board of Technical Education UP" को choose करें। एवं ऑनलाइन फीस को जमा करें

नोट: 1. ऑनलाइन फीस Total (परीक्षा शुल्क एवं बैक पेपर शुल्क) को जमा करें।

2. कोई भी स्टूडेन्टस कालेज के नाम पर फीस जमा नहीं करेगा।

3. फीस जमा होने के उपरान्त, परीक्षा फार्म की दो कॉपी एवं विषम सेमे० की मार्कशीट का एक सेट बनाकर दिनांक 10/04/25 तक कॉलेज में जमा करें।

4. यदि कोई स्टूडेन्टस अपना परीक्षा फार्म उक्त प्रक्रिया के द्वारा नहीं भरता है। तो उसे परीक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं छात्र / छात्रा की होगी।

5. सभी स्टूडेन्टस digilocker पोर्टल पर Registration करके ABC/APAAR portal / NAD digilocker अपनी Id बना ले। इस पर समस्त Certificates (diploma / Marksheet) उपलब्ध करा दी गयी है। यहां से आप download कर सकते है)

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12313** लखनऊःदिनांक– 24/3/2025

**विषयः– सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 के परीक्षाफार्म भराये जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा का प्रोवजिनल परीक्षाफार्म student login पर दिनांक 28–03–2025 से 31–03–2025 तक उपलब्ध रहेगा, जिस पर छात्र की basic detail यथा–परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि एवं जिस परीक्षा में छात्र सम्मिलित हो रहा है, के परीक्षा संबंधी विषयों एवं परीक्षा शुल्क का पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा। यदि किसी परीक्षार्थी के विवरण में कोई संशोधन वांछित है तो छात्र अपने प्रधानाचार्य से संपर्क कर वांछित संशोधन करा सकता है।

तदोपरांत दिनांक 01–04–2025 से 10–04–2025 तक student login पर 'pay examination fee' का लिंक उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे छात्र द्वारा SBI collect के माध्यम से "Board of Technical Education, UP" को choose कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकेगा। किसी भी दशा में परीक्षार्थी द्वारा अपने संस्थान का नाम choose कर भुगतान नहीं किया जायेगा, इस संबंध में अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को सूचित कर दें।

अवगत कराना है कि शासन द्वारा परिषद द्वारा लिये जाने वाले समस्त भुगतान ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी दशा में कोई भी भुगतान ट्रेजरी चालान एवं बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। किसी संस्थान द्वारा छात्र / छात्राओं से यदि पूर्व में ही परीक्षा शुल्क ले लिया गया है तो उसे छात्र / छात्राओं को वापस कर दिया जाये एवं उपरोक्तानुसार ही ऑनलाइन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जाये।

दिनांक 10–04–2025 के पश्चात् किसी भी दशा में पोर्टल पुनः open नहीं किया जायेगा। अतएव अपने स्तर से समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए परीक्षाफार्म भराये जाने एवं परीक्षाशुल्क जमा किये जाने की कार्यवाही उपरोक्तानुसार निर्धारित अंतिम अवधि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा किसी विषम परिस्थिति हेतु संबंधित संस्था प्रधानाचार्य एवं परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0– प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12314–17** तद्दिनांक– 24/3/2025

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / मध्यक्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

महत्वपूर्ण / समयबद्ध / ई0मेल0

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12369 लखनऊःदिनांक– 26.03.2025

**विषयः–सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 के परीक्षाफार्म भराये जाने की प्रकिया के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 की परीक्षा प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12313 दिनांक 24–03–2025 द्वारा समस्त संस्थाओं को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त परीक्षा के परीक्षा फार्म भराये जाने संबंधी प्रकिया एवं अन्य दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

1. दिनांक 28–03–2025 से 31–03–2025 तक सभी छात्र / छात्राएं स्टूडेण्ट लॉगिन पर अपना प्रोविजनल परीक्षाफार्म देख सकते हैं, जिसमें परीक्षा में सम्मिलित होने वाले स्टूडेण्ट का नाम, परीक्षा संबंधी विषयों का पूर्ण विवरण, परीक्षा शुल्क इत्यादि का विवरण प्रदर्शित होगा।

2. सभी छात्र अपने स्टूडेण्ट लॉगिन के माध्यम से 01 अप्रैल 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षाफार्म सबमिट करेंगे।

3. छात्र के द्वारा शुल्क जमा करने के उपरांत छात्र का परीक्षाफार्म संस्था लॉगिन पर प्रदर्शित होगा जिसे संस्थान द्वारा परिषद को अग्रसारित किया जायेगा।

4. संस्था प्रधानाचार्य अपने संस्था लॉगिन के माध्यम से दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 12 अप्रैल 2025 तक छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म परिषद को अग्रसारित कर सकते हैं।

5. दिनांक 12 अप्रैल 2025 की मध्यरात्रि के पश्चात् पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी दशा में परीक्षाफार्म परिषद द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

6. किसी भी छात्र / छात्रा का परीक्षाफार्म परिषद को अग्रसारित किये जाने के पूर्व संस्था प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित हो लें कि संबंधित छात्र को परीक्षा में बैठने से रोका तो नहीं जाना है। पूर्ण रूप से सुनिश्चित होने के उपरांत ही छात्र का परीक्षाफार्म परिषद को अग्रसारित किया जाये। परिषद को परीक्षाफार्म अग्रसारित कर दिये जाने के उपरांत परिषद द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र के परीक्षा में सम्मिलित होने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है। परीक्षाफार्म के अग्रसारित किये जाने के उपरांत कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार प्रकिया एवं निर्देशों का भलीभांति अनुसरण करते हुए छात्र / छात्राओं का परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर एवं संस्था व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र / छात्राओं को उक्त प्रकिया एवं निर्धारित समय–सीमा से अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\EXAM FORM ANNUAL EXAM JUNE 25.docx